कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.03.2025

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त अर्जुन थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व मे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0123/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त अर्जुन पुत्र अशोक निवासी ब्लाक नं0-70 कमरा नं0-10 पुराना मां0 कांशीराम आवास थाना शिवपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-20.03.2025 को समय करीब 10.35 बजे अष्ठभुजी मन्दिर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 19.03.2024 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने उनकी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष को बहला-फुसला कर विपक्षी अर्जुन द्वारा शारीरिक शोषण एवं विवाह करने का झूठा वादा करके उसको अपने साथ ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-0123/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 गौरव सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अर्जुन पुत्र अशोक निवासी ब्लाक नं0-70 कमरा नं0-10 पुराना मां0 कांशीराम आवास थाना शिवपुर जनपद वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- अष्ठभुजी मन्दिर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी से, दिनांक-20.03.2025 को समय करीब 10.35 बजे।

बरामदगी का विवरण-
मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 16 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1- मु0अ0सं0 0123/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 गौरव सिंह थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

2- हे0का0 शैलेन्द्र सोनकर थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

4- म0का0 कोमल सिंह थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।